आज दिनांक 16/01/2019 **को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका विषय था** - '**हाउ टू प्रिपेयर बिज़नेस प्लान' । इस अवसर पर सी० ए० प्रियंका गर्ग, फरीदाबाद मुख्य रूप से उपस्थित थीं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता की प्रेरणा से विद्यार्थियों के उत्साह को बढ़ाने के लिए इस प्रकार के व्याख्यान होते रहते हैं। इसी कड़ी में यह कार्यक्रम डॉ० शिल्पा गोयल के मार्गदर्शन में कराया गया । श्रीमती प्रियंका गर्ग ने अपने वक्तव्य में व्यवसाय और नौकरी के बीच के अंतर को संक्षिप्त रूप से समझाया। इसके साथ ही, उन्होंने बताया कि बिज़नेस प्लान दो तरह के होते हैं** - 1. **तकनीकी,** 2. **आर्थिक। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए ऑनलाइन डिजिटल वर्ल्ड का मतलब समझाया और साथ ही उनका प्रोत्साहन बढ़ाते हुए कहा कि उन्हें प्रतिदिन अखबार पढ़ना चाहिए। अंत में उन्होंने बताया कि एक अच्छा बिज़नेस प्लान बनाकर हम अपने व्यवसाय को किस तरह अधिक उचाईयों तक ले जा सकते हैं। विद्यार्थियों ने इस व्याख्यान को बड़े उत्साह एवं रूचि के साथ सुना। सेमिनार में प्रबंधन विभाग के सभी सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे ।**